समाचार

वृक्षमित्र अभियान

पूर्व मा.शाला लाटा में वृक्षारोपण किया महापौर ने

कोरबा 05 अगस्त 2017 -महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज दर्री जोनांतर्गत स्थित पूर्व माध्यमिक शाला लाटा जमनीपाली में वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधों का रोपण कराया। इस मौके पर उन्होने स्कूली छात्र-छात्राओं को रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा एवं देखरेख का दायित्व सौपा, साथ ही विद्यालय की कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा प्रारंभ किए गए वृक्षमित्र अभियान के तहत आज पूर्व माध्यमिक शाला लाटा जमनीपाली में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था, इस हेतु निगम द्वारा निःशुल्क पौधे विद्यालय को उपलब्ध कराए गए थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रुप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए वृक्षारोपण किया, उन्होने सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्पमाला का अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पेड़-पौधे में लगाए जाने हेतु छात्र-छात्राएं आगे आयें, वे स्वयं वृक्षारोपण कर रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा का दायित्व लें तथा अन्य लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पेड़-पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने की प्रेरणा दें। उन्होने कहा कि जैसा कि सभी को विदित है कि पेड़-पौधे प्राणी मात्र के जीवन के लिए कितना अधिक जरुरी है, आवश्यकता इस बात की है कि वृक्षारोपण में सभी की रुचि जागृत हो तथा लोग वृक्षों को लगाने एवं उनकी सुरक्षा व संवर्धन के लिए स्वप्रेरणा से कार्य करें।

निगम के वृक्षमित्र अभियान से जुड़े- महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आमजन का आव्हान करते हुए अपील की कि वे निगम के वृक्षमित्र अभियान से जुड़े तथा वृक्षारोपण के लिए आगे आए, निगम से विभिन्न प्रजातियों के एवं फलदार पौधे निःशुल्क प्राप्त करें। यहां उल्लेखनीय है कि 05 जून 2017 को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा वृक्षमित्र अभियान का शुभारंभ किया गया था, योजना के अंतर्गत निगम द्वारा वृक्षारोपण लगाने के साथ-साथ वृक्षारोपण के इच्छुक व्यक्तियों व संस्थाओं को निगम निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराएगा। वृक्षमित्र अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी परिसरों सहित अन्य उचित स्थलों पर लगातार पौधों का रोपण किया जा रहा है तथा हजारों की संख्या में पौधे रोपित किए जा चुके हैं।

इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य उषा महंत, समाज सेविका मंगल बुधिया, प्राचार्य रजनी दुबे, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, यशवंत जोगी, आनंद राठौर, चन्द्रकांत यादव आदि के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।